<u>पावती सहित पंजीकृत डाक द्वारा</u>

<u>समयबद्ध /सूचना का अधिकार मामला</u>

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली

संख्याः सी/551/5/2015-जेपी

**दिनांक 2 फ़रवरी, 2015**

श्री दीपक भार्गव
4/107, राधापुरम एस्टेट
गणेशरा रोड, मथुरा (उ.प्र.)

**विषय- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत, श्री दीपक भार्गव द्वारा मांगी गई सूचना के संबंध में।**

महोदय,

माननीय प्रधानमंत्री जी के विदेशी दौरे के संबंध में प्रश्न क्रमांक-1 और 2 में चाही गई जानकारी नीचे दी गई है। उनके इस दौरे पर हुए कुल खर्च की जानकारी का उत्तर हमारे मंत्रालय के प्रोटोकॉल अनुभाग देगी। **वार्षिक शिखर बैठक के लिए** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जापान का आधिकारिक दौरा 30 अगस्त से 03 सितम्बर, 2014 को हुआ।

२. 'टोक्यो डिक्लेरेशन भारत-जापान अहम रणनीति और ग्लोबल पार्टनरशिप' दोनों प्रधानमंत्रियों के द्वारा हस्ताक्षरित किए गए। भारत-जापान पार्टनर परस्पर विकास का फैक्टशीट जारी किया गया था। इस दौरे का मुख्य परिणाम निकला। आर्थिक पक्ष पर, एक नया भारत जापान निवेश संवर्धन भागीदारी, शुरू किया गया था, जिसके तहत जापान ने पांच साल की अवधि में, भारत में 3.5 ट्रिलियन येन सार्वजनिक-निजी निवेश करने के लिए और साथ ही भारत में सक्रिय जापानी कंपनियों की संख्या दोगुनी करने के अपने इरादे की जानकारी दी। रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी सहयोग का एक नया प्रमुख क्षेत्र के रूप में पहचान की थी। दौरे के दौरान, जापानी पक्ष छः भारतीय संस्थाओं को जापानीज विदेशी छोर यूजर लिस्ट में से हटाने पर सहमत हुआ है। दोनों पक्ष आपसी सहयोग और तालमेल को कई क्षेत्रों में मजबूती प्रदान करने पर सहमत हुआ है जिसमें ऊर्जा क्षेत्र, एलएनजी, रेलवे, आधारभूत ढांचा, स्मार्ट सिटीज, विज्ञान और टेक्नोलॉजी और लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना भी सम्मिलित है।

३. यदि आप इस उत्तर से संतुष्ठ नहीं हैं, तो आप इस पत्र की प्राप्ति की तिथि से एक माह के भीतर श्री शिल्पक अंबुले, निदेशक (पूर्व एशिया) एवं अपीलीय प्राधिकारी, कमरा संख्या 181-बी, साउथ ब्लाक, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली के पास अपील दायर कर सकते हैं।

**भवदीय**

बय्यापु संदीप कुमार

**(बय्यापु संदीप कुमार)**
**अवर सचिव (ईए) केंद्रीय लोक सूचाना अधिकारी**

**प्रतिलिपि प्रेषितः-**
**श्रीमती मीरा सिसौदिया, अवर सचिव (आरटीआई)**

सूचना का अधिकार

17021/14

# प्रधान मंत्री कार्यालय

साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110 011

संख्या आरटीआई/9100/2014-पीएमआर

दिनांकः 04/12/2014

**कार्यालय ज्ञापन**

4716
09/12/14
1851/3/PS/14
05/12/14

विषय - सूचना का अधिकार के तहत आवेदन-पत्र

उपर्युक्त विषय पर श्री दीपक भार्गव से प्राप्त दिनांक 23.11.2014 का आवेदन-पत्र, जो इस कार्यालय में दिनांक 1.12.2014 को प्राप्त हुआ है, सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के तहत यथोचित कार्रवाई हेतु अंतरित किया जा रहा है।

2. आवेदक से आवेदन-शुल्क प्राप्त हो गई है।

(पी०के० शर्मा)
अवर सचिव एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
☎: 2338 2590

विदेश सचिव, विदेश मंत्रालय
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली

**प्रति- (रजिस्टर्ड पोस्ट ए.डी. द्वारा)**

श्री दीपक भार्गव
4/107, राधापुरम एस्टेट गणेशरा रोड
मथुरा, उत्तर प्रदेश

कृपया आप इस संबंध में आगे सूचना हेतु उपरोक्त लोक प्राधिकरण से सम्पर्क करें।

USC(RTI)

Dir/CLDA - 3
PMO for 1&2

URGENT

As instructed by DCr(RTI), forward the RTI for PS 1&2 to concerned Territorial Divs.

Shv

8/12

SO(RTI)

23/1

Shv
8/12

9100-14-3DG014 9100/14

## सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन

पोस्टल ऑर्डर सं0 23F 785600 आवेदन शुल्क- 10 रुपए

01 DEC 2014

DAK SECTION

श्रीमान् सहायक जन सूचना अधिकारी,
श्रीमान् दिनेश कुमार शुक्ला जी,
सैक्शन ऑफीसर (सूचना का अधिकार)
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली। 110011

महोदय,

कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत धारा निम्नलिखित सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

24694
01/12/14
06/12/14

### वांछित सूचना का विवरण

(क) वांछित सूचना का विषय एवं विवरण

### विषय

प्रधानमन्त्री, भारत सरकार श्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं के सम्बन्ध में।

### उद्देश्य

संकलन कर लोगों को जानकारी व जागरुकता

MEA

### विवरण

1. प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी भूटान (16-17 जून), ब्राजील (13-16 जुलाई), नेपाल (3-4 अगस्त), जापान (30 अगस्त से 03 सितम्बर), संयुक्त राष्ट्र (26-30 सितम्बर), म्यांमार (11-13 नवम्बर), आस्ट्रेलिया (14-18 नवम्बर), फीजी (19 नवम्बर) किसके निमन्त्रण पर उक्त देशों में गए ?
2. क्या प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी भूटान (16-17 जून), ब्राजील (13-16 जुलाई), नेपाल (3-4 अगस्त), जापान (30 अगस्त से 03 सितम्बर), संयुक्त राष्ट्र (26-30 सितम्बर), म्यांमार (11-13 नवम्बर), आस्ट्रेलिया (14-18 नवम्बर), फीजी (19 नवम्बर) स्वयं उक्त देशों में गए ?
3. प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी की भूटान (16-17 जून), ब्राजील (13-16 जुलाई), नेपाल (3-4 अगस्त), जापान (30 अगस्त से 03 सितम्बर), संयुक्त राष्ट्र (26-30 सितम्बर), म्यांमार (11-13 नवम्बर), आस्ट्रेलिया (14-18 नवम्बर), फीजी (19 नवम्बर) यात्रा पर कुल कितना खर्च भारत सरकार का हुआ ?

(ख) सम्बन्धित सूचना की समयावधि : 25 सितम्बर 2014 से सूचना देने तक।

(ग) सूचना का माध्यम वांछित है : डाक द्वारा या अधिवक्ता की व्यक्तिगत उपस्थिति के माध्यम से।

मैं एतद्द्वारा सूचित करता हूँ कि मैं भारतीय नागरिक हूँ एवं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु अधिकृत हूँ। मैं प्राप्त सूचना का प्रयोग केवल संस्था के अन्तर्गत वांछनीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु जनहित में करूंगा। मैं वचन देता हूँ कि किसी भी परिस्थिति में प्राप्त सूचना का उपयोग/हस्तांतरण/सम्मिलित/प्रदर्शन/वितरण जो कि देश हित में नहीं आता है, नहीं करूंगा। यदि मेरे द्वारा दी गई सूचना/घोषणा गलत पाई गई, मैं इसका स्वयं जिम्मेदार होऊंगा और सूचना प्राप्त करने के अपने अधिकार से वंचित हो जाऊंगा।

DKBhargava

आवेदनकर्त्ता के हस्ताक्षर

दिनांक : 23 नवम्बर 2014
प्रथम अपील दिनांक 24 दिसम्बर 2014

स्थान : मथुरा
आवेदनकर्त्ता का पूरा नाम व पद
दीपक भार्गव महासचिव
उन्नति नागरिक उत्थान् एवं शिक्षा समिति (पंजीकृत),
4/107, राधापुरम एस्टेट, गणेशरा रोड, मथुरा। मोबाइल सं0 7037360255

IPO no. 23F 785599 of ₹ 10/-

4100010